# संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

6वी मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल : dme12001@yahoo.com | दूरभाष क्रमांक : 0755-2550186

वेबसाइट : www.medicaleducation.mp.gov.in | फैक्स : 0755-2578844


**क्रमांक 934-39 /स्था /नर्सिंग /2021** | **भोपाल, दिनांक 16 /06/2021**

**प्रति,**

अधिष्ठाता,
चिकित्सा महाविद्यालय,
भोपाल/इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर/रीवा/सागर,
म.प्र.।

**विषय :-** बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग संबंधी सूचना वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाने बावत् ।

----

उपरोक्त विषयांतर्गत बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग संबंधी सूचना जैसे - Time schedule for counselling, Category/Class wise Distribution of Seats , प्रक्रिया संबंधी सूचना एवं आवश्यक दिशा निर्देश तथा आवश्यक दस्तावेजों की सूची शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाने हेतु संलग्न प्रेषित है।

**संलग्न :-** उपरोक्तानुसार ।

**संचालक चिकित्सा शिक्षा**
**मध्यप्रदेश**

**पृ0 क्रमांक / स्था / नर्सिंग/ 2021** | **भोपाल, दिनांक /06/2021**

**प्रतिलिपि:-** प्राचार्य, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय भोपाल/इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर/रीवा/सागर, की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

**संचालक चिकित्सा शिक्षा**
**मध्यप्रदेश**

| TIME SCHEDULE FOR B.Sc NURSING COUNSELLING FOR ADMISSION IN GOVERNMENT NURSING COLLEGES OF MADHYA PRADESH( Medical Education)ACADEMIC SESSION 2020-21 (DATE:- 15-06-2021) | | |
|---|---|---|
| (Online Counselling) | | |
| **S.No.** | **Activity** | **Date** |
| 1 | Publication of vacancies and Eligible candidates list | 18-06-2021 |
| 2 | Registration Cum Choice filling & Choice Locking (B.Sc Course) | 21-06-2021 to 30-06-2021 midnight (11:59 PM) |
| 3 | Publication of Merit of Registration Cum Choice filled candidates on portal | 01/07/2021 |
| 4 | Allotment Result (B.Sc Nursing Courses) | 05/07/2021 |
| 5 | Reporting by allotted candidate in Person at allotted Medical college for Scrutiny and Admission Process | 06-07-2021 to 14-07-2021 (05:00 PM) |

DIRECTOR MEDICAL EDUCATION
Madhya Pradesh

16/6/21

## Directorate of Medical Edication Madhya Pradesh

### Category/Class wiseDistribution of B.Sc Nursing Seat in Government Nursing Colleges of Madhya Pradesh (Medical Education Dept.) Academic Session 2020-21

| lame of Nursing Colleges | Number of Seats | Unreserved | | | | | Scheduled Tribe | | | | | Scheduled Caste | | | | | Other Backword Class | | | | | Economically Weaker Section (UR) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | H | SN | FF | OPEN | Total | H | SN | FF | OPEN | Total | H | SN | FF | OPEN | Total | H | SN | FF | OPEN | Total | H | SN | FF | OPEN | Total |
| iovernment Nursing College MGM Indore | 210 | 3 | 1 | 2 | 51 | 57 | 2 | 1 | 1 | 38 | 42 | 2 | 1 | 1 | 29 | 33 | 3 | 2 | 1 | 51 | 57 | 2 | 1 | 1 | 17 | 21 |
| iovernment Nursing College GMC Bhopal | 120 | 2 | 1 | 1 | 29 | 33 | 1 | 1 | 1 | 21 | 24 | 1 | 1 | 1 | 16 | 19 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 0 | 0 | 11 | 12 |
| iovernment Nursing College NSCB Jabalpur | 120 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 1 | 1 | 21 | 24 | 1 | 1 | 1 | 16 | 19 | 2 | 1 | 1 | 29 | 33 | 1 | 0 | 0 | 11 | 12 |
| iovernment Nursing College GRMC Gwalior | 120 | 2 | 1 | 1 | 29 | 33 | 1 | 1 | 1 | 21 | 24 | 1 | 1 | 1 | 16 | 19 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 0 | 0 | 11 | 12 |
| iovernment Nursing College SSMC Rewa | 120 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 1 | 1 | 21 | 24 | 1 | 1 | 1 | 16 | 19 | 2 | 1 | 1 | 29 | 33 | 1 | 0 | 0 | 11 | 12 |
| iovernment Nursing College BMC Sagar | 120 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 1 | 1 | 21 | 24 | 1 | 1 | 1 | 17 | 20 | 2 | 1 | 1 | 28 | 32 | 1 | 0 | 0 | 11 | 12 |
| Total Seat | 810 | 13 | 6 | 7 | 193 | 219 | 7 | 6 | 6 | 143 | 162 | 7 | 6 | 6 | 110 | 129 | 13 | 7 | 6 | 193 | 219 | 7 | 1 | 1 | 72 | 81 |

H-Physically Handicapped, SN- Sainik, FF- Freedom Fighter

Director Medical Education
Madhya Pradesh

15/6/21

दिनांक 15/06/2021

# //बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम सत्र 2020–21 की कांउसिलिंग प्रकिया संबंधी सूचना एवं आवश्यक दिशा निर्देश//

**मध्य प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित शासकीय स्वशासी नर्सिंग महाविद्यायों में शासन द्वारा स्वीकृत नवीन 810 सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसिलिंग के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा निर्देशः–**

1. पात्र महिला अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में भाग लेने के लिए एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर अपना ऑनलाईन पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग लॉकिंग समय सारणी में उल्लेखित समय–सीमा में कराया जाना आवश्यक है।

2. पंजीयन एवं विकल्प दर्ज करने से पूर्व अभ्यर्थी संचालनालय की वेबसाईट www.medicaleducation.mp.gov.in, एवं एम0पी0 आनलाईन के पोर्टल dme.mponline.gov.in पर प्रदर्शित रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग मेनुअल का अध्ययन कर ले इसके पश्चात ही प्रक्रिया संपन्न करें।
3. पंजीकरण च्वाईस फिलिंग के उपरांत च्वाईस लॉक करने हेतु अभ्यर्थी को 1100/– का शुल्क ऑनलाईन जमा करना होगा। यह शुल्क का भुगतान अभ्यर्थी अपने नेट बैकिंग/डेबिटकार्ड/क्रेडिटकार्ड/यु.पी.आई अथवा अपने नजदीक एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क के माध्यम से कर सकता है।
4. पंजीकृत अभ्यर्थी द्वारा च्वाईस फिलिंग, च्वाईस लॉकिंग संपन्न किये जाने के उपरान्त उसमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा। अभ्यर्थी च्वाईस फिलिंग करने के उपरान्त अपनी च्वाईस लॉक करना सुनिश्चित करें।
5. सीटों पर श्रेणीवार आरक्षण निम्नानुसार रहेगा :–

| UR | ST | SC | OBC | EWS |
|---|---|---|---|---|
| 27% | 20% | 16% | 27% | 10% |

6. सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रवर्ग हेतु 3 प्रतिशत तथा सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र दिनांक 20 दिसम्बर 2019 अनुसार 6 प्रतिशत आरक्षण दिव्यांग प्रवर्ग हेतु।
7. काउंसिलिंग ऑनलाईन पद्विति से की जायेगी। काउंसिलिंग प्रकिया 1 चरण में की जायेगी। इस चरण में प्रवर्ग विशेष /श्रेणी विशेष के पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में संबंधित प्रवर्ग/श्रेणी की सीटों का कन्वर्सन किया जायेगा (Category and class conversion)। कन्वर्सन निम्नानुसार किया जायेगा :–
   **ST > SC> ST> OBC> EWS> UR**
8. प्रथम चरण के आवंटन/प्रवेश प्रक्रिया उपरान्त सीट रिक्त रहने पर मॉप अप चरण किया जायेगा इस चरण में समस्त रिक्त सीटें अनारक्षित होगी एवं मेरिट के आधार पर आवंटित होंगी।
9. पंजीकरण एवं च्वाईस फिलिंग की प्रक्रिया घोषित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होगी। पंजीकरण के समय किसी भी कारण जैसे नेटवर्क का फेल होना, कम्प्यूटर का फेल होना, तकनीकि त्रुटि, बिजली का जाना आदि के कारण बढ़ाया नहीं जायेगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह समयावधि के भीतर प्रक्रिया पूर्ण कर लें एवं अंतिम तिथि तक इंतजार न करें।

10. सीटों का आवंटन मध्यप्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री–नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (PNST **2020–21**) के परिणाम के आधार पर किया जायेगा।

11. आवंटन परिणाम घोषित होने के उपरान्त आवंटित अभ्यर्थी अपना आवंटन पत्र (Allotment Letter)एमपी आनलाईन पोर्टल से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेगा।

12. आवंटन पूर्णतः प्रावधिक (Provisional ) होगा, मूल दस्तावेजों के सत्यापन उपरान्त पात्र पाये जाने वाले अभ्यर्थी को प्रवेश की पात्रता होगी। अपात्रता की स्थिति में अभ्यर्थी का आवंटन स्वमेव निरस्त होगा।

13. आवंटित अभ्यर्थी को समय सारणी में उल्लेखित निर्धारित समय सीमा में उसे आवंटित हुये महाविद्यालय में स्वयं पांच पासपोर्ट साईज की कलर फोटों जो कि अभ्यर्थी द्वारा व्यापम की परीक्षा के आवेदन पर लगाया गया था के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना एवं प्रवेश हेतु पाठ्यक्रम की निर्धारित फीस जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

14. प्रथम चरण में प्रवेश उपरान्त सीट से त्यागपत्र दिये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी मॉप अप चरण की कांउसिलिंग होने पर भाग लेने हेतु अपात्र होगा।

15. समस्त आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवंटन उपरान्त प्रवेश हेतु मूल दस्तावेजों के सत्यापन के समय संबंधित श्रेणी का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

16. प्रवेश हेतु चयन संबंधी नियम PNST 2020 संचालनालय की वेबसाईट www.medicaleducation.mp.gov.in, एवं एम0पी0 आनलाईन के पोर्टल dme.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

17. नर्सिंग काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए dmenursingcounselling@gmail.com पर ई–मेल कर सकते है।

18. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है की वे काउसिलिंग संबंधी जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाईट के सतत् संपर्क में रहे।

संचालक चिकित्सा शिक्षा
मध्य प्रदेश
15/6/21

# B.Sc.Nursing प्रवेश सत्र 2020–21

## प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची

छात्रा का नाम.................................................................

श्रेणी :.............................................................................

स्कूटनी दिनांक.............................................................

| क. | प्रमाण–पत्र | जमा के लिए (YES)<br>नहीं के लिए (NO) |
|---|---|---|
| 1 | एमपी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन / च्वाईस फिलिंग लॉकिंग **रिसीप्ट** | |
| 2. | एमपी ऑनलाईन द्वारा जारी आवंटन पत्र | |
| 3. | PNST-2020 उत्तीर्ण अंकसूची / PNST एडमिट कार्ड की छायाप्रति | |
| 4. | 10 वी उत्तीर्ण मूल अंकसूची | |
| 5. | 12 वी उत्तीर्ण मूल अंकसूची | |
| 6. | मूल–निवासी प्रमाण–पत्र | |
| 7. | जाति प्रमाण–पत्र (लागू हो तो) | |
| 8. | आय प्रमाण–पत्र (लागू हो तो) | |
| 9. | पासपोर्ट फोटो–05 प्रति | |
| 10 | मेडिकल प्रमाण–पत्र | |
| 11 | गैप सर्टिफिकेट (यदि लागू हो तो) | |
| 12 | स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0) | |
| 13 | माईग्रेशन प्रमाण–पत्र | |
| 14 | 5 वर्ष की अनिवार्य शासकीय सेवा का अनुबंध रू. 2 लाख (100/– के स्टाम्प पेपर पर) | |

प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेखों / प्रमाण पत्रों की जांच की गई तथा अभिलेखों / प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियों के दो सेट रिकार्ड हेतु जमा कर लिये गये हैं। सत्यापन के पश्चात्, अभ्यर्थी आवंटित सीट पर प्रवेश के लिये **पात्र है**

**अथवा**

निम्न अभिलेख / प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण / या अन्य कारणों से आवंटित सीट पर प्रवेश के लिये **अपात्र** हैं :–

1.........................................................................................

2.........................................................................................

3.........................................................................................

छात्रा के हस्ताक्षर
हस्ताक्षर

प्रवेश समिति / स्कूटनी अधिकारी

नामः

पदनामः

दिनांकः